**Today on 30-01-24**, students from department of commerce, Guru Nanak College Dhanbad attended **UTI SWATANTRA**

India Invest Karo

(An investor education initiative) program organized by UTI in collaboration with Dainik Jagaran at DHANBAD CLUB. 20 students from semester 6 constituting 13 girls and 7 boys from both campuses participated in the event. The team was led by prof. Daljeet Singh from Department of Commerce.

The chief guest, expert, as well as the key speaker of the session was **Mr. NEERAJ VERMA from Delhi(Head UTI)** who came all the way from Delhi to deliver his speech on the financial literacy. The session was very interesting and informative. Doubts and queries of our students were also resolved after the session. Delegates from UTI and DAINIK JAGRAN and dignitaries of Dhanbad were present in the program.

**The following students participated in the program:-**

| Student Name | Roll No. | Campus |
|---|---|---|
| Navjot Singh | 365 | Bhuda campus |
| Hrithik Raj | 427 | Bhuda campus |
| Rittik Yadav | 353 | Bhuda campus |
| Md Amir | 511 | Bhuda campus |
| Diksha Mishra | 408 | Bhuda campus |
| Puja Kumari | 323 | Bhuda campus |
| Neha Kumari | 568 | Bhuda campus |
| Kamal Mandal | 331 | Bhuda campus |
| Khushboo Verma | 329 | Bhuda campus |
| Rajshree Kumari | 469 | Bhuda campus |
| Rahul Prasad | 340 | Bhuda campus |
| Saba parween | 139 | Bank more |
| Ishika chourasia | 224 | Bank more |
| Bhumi Agrawal | 93 | Bank more |
| Sheetal kumari gupta | 148 | Bank more |
| Shadka sham | 23 | Bank more |
| Esha Gupta. | 82 | Bank more |
| Priya Barnwal | 186 | Bank more |
| Aarti kumari | 69 | Bank more |
| Ashi vidyarthi | 68 | Bank more |


दैनिक जागरण
uti
UTI Mutual Fund
UTI SWATANTRA
India Invest Karo
uti
UTI Mutual Fund
UTI SWATANTRA
India Invest Karo




दैनिक जागरण
uti
UTI Mutual Fund
UTI SWATANTRA
India Invest Karo
UTI SWATANTRA
India Invest Karo








2 दैनिक जागरण धनबाद, 31 जनवरी, 2024 **धनबाद जागरण** www.jagran.com

**एक नजर में**

### सिटी सेंटर व स्टील गेट में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

धनबाद : सड़क सुरक्षा माह के तहत चल रहे जागरूकता अभियान के 16 वें दिन मंगलवार को सिटी सेंटर और स्टील गेट के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों के बीच पंपलेट बांटकर भी सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई। वहीं दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करने को कहा गया। मौके पर यातायात पुलिस व सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य उपस्थित थे। (संस)

### पुटकी में मनाई गई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

पुटकी : पुटकी कोक प्लांट में कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव गुड़िया देवी के नेतृत्व में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर गुड़िया देवी ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को सत्य और अहिंसा पर चलने का मार्ग बताया। उनके बताए मार्गों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। मौके पर कांग्रेस जिला सचिव निवास रजवार, रामप्रवेश प्रजापति, गीता देवी, शिला देवी, पूनम देवी, बिनय कुमार उपाध्याय आदि मौजूद

दैनिक जागरण व यूटीआइ म्यूचुअल फंड ने किया स्वतंत्र इंडिया इन्वेस्ट करो निवेशक जागरूकता कार्यक्रम, बोले विशेषज्ञ

# अपनी जरूरत के हिसाब से ही म्यूचुअल फंड में करें निवेश

uti UTI Mutual Fund
UTI SWATANTRA India Invest Karo

जासं, धनबाद : आज के समय में निवेश के काफी सारे विकल्प हैं। इसमें बैंक डिपोजिट से लेकर कई तरह के म्यूचुअल फंड हैं, मगर आपकी जरूरत क्या है और आप कितना और कैसे निवेश करना चाहते हैं, यह आप पर निर्भर है।

यह बातें दैनिक जागरण और यूटीआइ म्यूचुअल फंड द्वारा धनबाद क्लब में आयोजित यूटीआइ स्वतंत्र इंडिया इन्वेस्ट करो निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में निवेश विशेषज्ञ नीरज वर्मा ने इन्वेस्टर्स से कही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसमें दैनिक जागरण के यूनिट हेड राजेश रंजन, दैनिक जागरण के संपादकीय प्रभारी डा. चंदन शर्मा, यूटीआइ के सीनियर एवीपी मार्केटिंग शैलेंद्र शरण सिंह और निवेश विशेषज्ञ नीरज वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में नीरज वर्मा ने बताया कि यह बेहद जरूरी है कि आप निवेश हमेशा अपनी जरूरत के अनुसार करें। उन्होंने निवेशकों को म्यूचुअल फंड में निवेश करना कितना सही है, निवेश की योजना कैसी हो, कहां और कब निवेश करना है, इस बात की जानकारी दी।

दैनिक जागरण और यूटीआइ म्यूचुअल फंड द्वारा धनबाद क्लब में आयोजित निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में अतिथि • जागरण

**कम उम्र में करें निवेश :** इस कार्यक्रम में कालेज छात्र भी पहुंचे। छात्रों ने सवाल किया कि अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कब से और कैसे म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। विशेषज्ञ नीरज वर्मा ने छात्रों को बताया कि कम उम्र में निवेश जरूरी है। अगर आज आप मात्र पांच सौ रुपये अपनी पाकेट मनी से भी बचा कर निवेश करने लगेंगे, तो आनेवाले 10 से 15 वर्षों में आपके पास लाखों रुपये की पूंजी होगी।

**सेबी से रजिस्टर्ड है या नहीं, कर लें जांच :** कार्यक्रम में कई निवेशकों ने यह भी पूछा कि कई कंपनियां आती हैं और निवेश करवा कर गायब हो जाती हैं, या डूब जाती हैं, इसमें क्या करें। इस पर नीरज वर्मा ने बताया कि जो कंपनी सेबी से रजिस्टर्ड नहीं है, वैसी कंपनियों में निवेश नहीं करें। अगर वह सेबी से रजिस्टर्ड है तो वह आपका पैसे लेकर नहीं भाग सकती है।

**एसआइपी नहीं, एसडब्ल्यूपी की भी सुविधा :** नीरज वर्मा ने बताया कि म्यूचुअल फंड में आप सिस्टमेटिक विथड्राल प्लान( एसडब्ल्यूपी) कर सकते हैं। इसमें एक रिटायर्ड आदमी जो वर्षों से एसआइपी में पैसा लगा रहा है और अब पैसे उसे मिलने वाले हैं तो वह पैसे को फिर से उसी में रख दे और जरूरत के हिसाब से म्यूचुअल फंड से हर माह सैलरी की तरह पैसे ले। बाकी पैसे उसमें रहने के कारण वह कभी कम नहीं होगा और बढ़ता ही रहेगा।

निवेशक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते निवेश विशेषज्ञ नीरज वर्मा • जागरण

**महंगाई दर से अधिक वैल्यू देने वाले म्यूचुअल फंड में करें निवेश :** उन्होंने बताया कि म्युचुअल फंड कई तरह के हैं, मगर निवेश आप वैसे ही म्यूचुअल फंड में करें जिसमें मंहगाई दर से अधिक रिटर्न मिल रहा है। अगर मंहगाई दर हर साल पांच प्रतिशत बढ़ रही है तो जो म्यूचुअल फंड कम से कम छह प्रतिशत आपको दे रहा है उसमें निवेश करें। इससे आपको फायदा नजर आएगा। कार्यक्रम में बैंक मोड़ चेंबर के प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, संदीप मुखर्जी, जीतेंद्र अग्रवाल, गौरव गर्ग आदि थे।

म्यूचुअल फंड में निवेश करने से लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। मैं पहले से भी कई तरह के म्यूचुअल फंड में निवेश करता रहा हूं।
ज्ञान कुमार

म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। बैंक में एफडी में पैसे सुरक्षित जरूर रहते हैं, मगर तेजी से बढ़ते नहीं हैं। म्यूचुअल फंड पैसों को गति देता है।
दिलीप सिंह

इस सेमिनार में निवेश करने की जानकारी मिली। म्यूचुअल फंड के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण निवेश करने से डर लगता था, अब निवेश करूंगी।
नम्रता सिंह